हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 अगस्त 2026

14 आरपीएस कॉलेज में मनाया तीज एवं स्वतंत्रता...

15 सैनिकों के नाम बच्चों ने लिखे भावुक खत

नारनौल। स्वतंत्रता दिवस के लिए स्थल को सजाते हुए। फोटो: हरिभूमि

करीरा में पूर्व सैनिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

कनीना। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को करीरा गांव में भूतपूर्व सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण संगठन द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस समारोह में ग्राम पंचायत सदस्यों, युवाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। कप्तान सुमेर सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ शिवलाल प्रधान ने किया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि अजय यादव सहित ग्रामीणों ने अपनी स्कूटी, साइकिल और मोटर साइकिल पर तिरंगा लहराकर यात्रा की शोभा बढ़ाई।

जयपुर से पकड़ा हथियार सप्लायर: नारनौल। अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और सप्लाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए टीम ने एक आरोपित को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हितेश निवासी रावता की ढाणी, कोटपुतली, राजस्थान के रूप में हुई है।

बी.पी.एड. (B.P.Ed.) में दाखिला आरंभ
पी.टी.आई. तथा डी.पी.ई. (शारीरिक शिक्षा निदेशक) के पद पर होगी नियुक्ति
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) से मान्यता प्राप्त एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी (IGU) से सम्बद्ध महाराणा प्रताप कालेज ऑफ़ एजुकेशन, धनौन्दा (ब्लाक - कनीना), जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सत्र 2026-28 हेतु बी.पी.एड. (B.P.Ed.) (डी.पी.ई. कोर्स) में दाखिला आरम्भ हो गया है। बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक में 50% अंक तथा राज्य स्तर का खेल का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। एस.सी. विद्यार्थियों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी सीधे कॉलेज में दाखिला ले सकते है तथा www.mpcoekanina.com व कॉलेज फोन नं. 9467834482, 8053910428 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (Advt.)

सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे ध्वजारोहण

आज देशभक्ति के रंग में रंगेगा जिला

नारनौल। स्वतंत्रता दिवस को लेकर महेंद्रगढ़ जिले में तैयारियां पूरी हो गई हैं। 15 अगस्त को जिलेभर में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय नारनौल के आईटीआई मैदान में होने वाले मुख्य समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न प्रस्तुतियां भी होंगी। जिले के सभी उपमंडलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। महेंद्रगढ़ में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैदान में पूर्व मंत्री एवं नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ध्वजारोहण करेंगे। कनीना में राजकीय महाविद्यालय पितामह कान्हा कॉलेज में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव मुख्य अतिथि होंगे। वहीं नांगल चौधरी की अनाज मंडी में रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा राष्ट्रीय पर्व

स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन की ओर से समारोह स्थलों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अपने नजदीकी समारोह स्थल पर पहुंचकर राष्ट्रीय पर्व में भागीदारी करें और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करें।

चारों उपमंडलों में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा को देखते हुए जिलाधीश अनुपमा अंजली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना और नांगल चौधरी क्षेत्रों में 15 अगस्त को ड्रोन एवं अन्य यूएवी उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है। समारोह स्थलों के पांच किलोमीटर के दायरे को नो-फ्लाइंग जोन बनाया गया है। प्रशासन ने इन क्षेत्रों को 15 अगस्त के लिए ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24 के तहत अस्थायी रेड जोन भी घोषित किया है। यह प्रतिबंध पुलिस, अर्धसैनिक बल, वायु सेना और संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर लागू नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ध्वज व पतंग निर्माण में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

महेंद्रगढ़। रामचंद्र पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ध्वज निर्माण प्रतियोगिता तथा कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पतंग निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। ध्वज निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों एवं राष्ट्रीय प्रतीकों का सुंदर प्रयोग करते हुए आकर्षक ध्वज तैयार किए। वहीं, पतंग निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कागज, आकर्षक डिजाइन और अपनी कल्पनाशीलता का प्रयोग कर सुंदर एवं रचनात्मक पतंगें बनाईं। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और देशप्रेम की भावना को भी मजबूत करती हैं।

सिटी किड्स वर्ल्ड में मनाया हरियाली तीज पर्व

महेंद्रगढ़। किडजी स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा जिस प्रकार से सावन में चारों तरफ हरियाली होती है और हरी हरी बगिया में रंग बिरंगे फूल खिले होते हैं तथा चिड़िया खिलखिलाती हैं, उसी प्रकार विद्यालय के नन्हे मुन्नो ने विद्यालय में खुशियां बिखेरी। त्योहारों के माध्यम से ही छात्रों को उनकी संस्कृतिक पर्वों और परंपराओं की जानकारी मिलती है। तीज त्योहार हर्षोल्लास का संचार करते हैं। जब तक बच्चे सामाजिक सरोकारों से परिचित नहीं होंगे तब तक उनका संपूर्ण विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य विनय यादव ने बच्चों का विद्यालय के परिवार के सभी सदस्यों को तीज के पर्व की शुभकामनाएं दी तथा बालिकाओं के हाथों में मेहंदी रचाई, कंगन पहनाई और उनको मिठाई खिलाकर झूला झुलाया।

विजय स्कूल में हरियाली तीज पर्व मनाया

महेंद्रगढ़। विजय इंटरनेशनल स्कूल में हरियाली तीज पर तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। विद्यालय परिसर में सावन के रंग और तीज की उमंग देखने को मिली। विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाली तीज प्रकृति की हरियाली, भारतीय संस्कृति और पारंपरिक लोक जीवन का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियों के साथ सभी का मन मोह लिया। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि मंच पर प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक एवं लोकगीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सावन की सुंदरता, तीज की परंपराओं और भारतीय संस्कृति को जीवंत रूप प्रदान किया। इस अवसर पर सचिव महेंद्र सिंह, चेयरमैन विजय यादव टूमना, प्रिंसिपल नत्थू सिंह, वाईस प्रिंसिपल अशोक कासनी समेत अध्यापक, बच्चे व क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

तीज के रंग में रंगा हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल

मंडी अटेली। हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में शुक्रवार को तीज महोत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में झूले लगाए गए जहां विद्यार्थियों ने पारंपरिक अंदाज में झूलों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर हरियाणवी संस्कृति और उत्सव के रंग में नजर आया। महोत्सव में विद्यार्थियों के लिए रस्साकशी, काइट मेकिंग, तिरंगा निर्माण सहित विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं करवाई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार ने कहा कि तीज जैसे त्योहार भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की अमूल्य धरोहर हैं। विद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जोड़ा जाए। इस कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन पूर्व सरपंच एवं जिला परिषद प्रतिनिधि शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को तीज पर्व के महत्व के साथ स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल परिसर में संस्कृति, रचनात्मकता एवं देशभक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला।

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मनाया तीज उत्सव

महेंद्रगढ़। यदुवंशी डिग्री कॉलेज में हरियाली तीज के अवसर पर तीज उत्सव एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सुंदर मेहंदी डिजाइन बनाकर तथा आकर्षक रंगोलियां सजाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में तीज के पारंपरिक रंग, उमंग और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। छात्राओं एवं स्टाफ ने एक-दूसरे को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परंपराएं हमारी पहचान हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को भी निखारते हैं। वाइस चेयरमैन करण सिंह, चेयरपर्सन संगीता यादव, तनिष राव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह, डॉ. प्रदीप यादव तथा कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने भी विद्यार्थियों को तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय त्योहार हमारी संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

आरपीएस कॉलेज में मनाया तीज व स्वतंत्रता दिवस

■ कॉलेज परिसर को आकर्षक एवं रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में तीज पर्व एवं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कॉलेज परिसर पूरे दिन भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और हरियाणवी परंपराओं के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. सीबी गुप्ता, प्रोफेसर एमेरिटस उपस्थित रहे। संस्था निदेशक डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव तथा डीन एकेडमिक्स प्रो. आरएस यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। तीज उत्सव के अवसर पर कॉलेज परिसर को आकर्षक एवं रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया गया, जिसने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों के लिए आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता

इसके साथ ही ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और सामान्य ज्ञान का प्रदर्शन किया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। संस्थान चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

कार्यक्रम के दौरान पतंगबाजी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

स्वतंत्रता दिवस पर हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम

महेंद्रगढ़। बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरिश भारद्वाज एवं प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को नमन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने पूरे विद्यालय परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना की।

एआईटी फार्मेसी कॉलेज ने बीफार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर में जिले में हासिल किया शीर्ष स्थान

कनीना। एआईटी फार्मेसी कॉलेज ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए बीफार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में महेंद्रगढ़ जिले में शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज ने जिले में सर्वाधिक विद्यार्थियों को उत्तीर्ण कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी और गर्व का माहौल है। प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अमर सिंह ने बताया कि पंडित भगवत दयाल शर्मा विश्वविद्यालय रोहतक बीफार्मेसी द्वारा द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि नितिन पुत्र बालकिशन ने 83.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदित्य पुत्र संजय कुमार ने 80.55 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा वंदना पुत्री जगदीश चंद्र ने 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि अनुभवी एवं प्रतिभाशाली शिक्षकों के प्रयासों से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट विनय यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

श्रीकृष्णा स्कूल में पतंग व मेहंदी प्रतियोगिता

महेंद्रगढ़। श्रीकृष्णा स्कूल में तीज पर्व को लेकर पतंग बनाओ व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस उत्सव में स्कूल के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल में कक्षा दूसरी से आठवीं तक पतंग बनाओ प्रतियोगिता व कक्षा नौवीं से बारहवीं तक मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता के इस विशेष अवसर पर स्कूल के शीर्ष प्रबंधन ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। पतंग बनाओ प्रतियोगिता कक्षा छठी से मानवी, प्रियांशू प्रथम, गरिमा व कुमुध ने दूसरा व दक्ष, विवेक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से राखी, अक्षिता, कुणाल प्रथम, पल्लवी, तनीष, कार्तिक ने दूसरा व देव, रूद्राक्ष, हार्दिक और दक्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से विनिता, विनय प्रथम, अंश, पारस, प्रियांशी ने दूसरा व आशी, रक्षित, डेजी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं आर्टर्स ए से रेणू प्रथम व खुशबू दूसरे स्थान पर रही। कक्षा 12वीं नान मेडिकल ऐम ए से निक्की प्रथम, साक्षी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं आर्टर्स से दीक्षु प्रथम व सुयोग ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेडिकल कक्षा से खुशी प्रथम, ओजल ने दूसरा व सारिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कामर्स में ज्योति प्रथम, अंशू ने दूसरा व खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

केशव सहित विभिन्न स्पर्धा के विजेता विद्यार्थी सम्मानित

महेंद्रगढ़। मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हरियाणा मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र केशव पुत्र रणजीत सिंह सहित विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राकेश तंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा ने की। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, विद्यार्थी तथा अभिभावक मौजूद रहे। मुख्यातिथि राकेश तंवर ने कहा कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से प्राप्त होती है। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को सही दिशा और प्रोत्साहन मिलने से वे अपने विद्यालय, माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ खेलकूद और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जा रहा है। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने बताया कि कक्षा 11वीं के छात्र केशव पुत्र रणजीत सिंह ने हरियाणा मैराथन प्रतियोगिता की पांच किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इसके साथ-साथ नीट परीक्षा में मुकुल, मान्यता और हर्ष, जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में केशव, प्राची और हर्ष व ब्लॉक स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में भूमिका, अभिजीत, अखिलेश, रक्षा, वर्षा, दीवान और चाहत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

मकान में लाखों की चोरी में आरोपित गिरफ्तार

नारनौल। मकान में सेंधमारी कर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में सीआईए ने आरोपित कपिल निवासी इंदिरा कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 हजार रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि 13 जून को पटीकरा स्थित मकान में चोरी की शिकायत मिली थी। मकान मालिक का परिवार पुणे में रहता था। शिकायत के अनुसार चोर दीवार तोड़कर मकान में दाखिल हुए और करीब 1.50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा 3.23 लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए थे। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध मकान में दाखिल होते दिखाई दिए थे। मामले में पहले ही तीन आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सीआईए टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर कपिल को धोबी जोहड़ नारनौल से गिरफ्तार किया।

हकेंवि में निकाली गई तिरंगा यात्रा

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करे और देश की प्रगति में अपना योगदान दे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, एकता और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, भी उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा ने विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और मजबूत किया।

तिरंगे के रंग में रंगा नव ज्ञान ज्योति स्कूल, झूलों का लिया आनंद

नारनौल। नव ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल मांदी में हर घर तिरंगा अभियान, हरियाली तीज उत्सव और पतंग मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति, भारतीय संस्कृति और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्य और राष्ट्रध्वज के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने तिरंगे के सम्मान के साथ अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। हरियाली तीज के अवसर पर विद्यालय में झूले लगाए गए। विद्यार्थियों ने झूलों का आनंद लिया और पारंपरिक पर्व की खुशियां मनाईं। बच्चों को तीज के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महत्व के बारे में भी बताया गया।

आरआरसीएम में हुई अंतर विद्यालय प्रतियोगिता

कनीना। आरआरसीएम विद्यालय में आर्ट एंड क्राफ्ट की विभिन्न प्रतियोगिता का समूहों द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर, स्केचिंग, कार्ड, रंगोली, दिया सजावट और थाली कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में आरआरसीएम, सरस्वती शिक्षा निकेतन माजरा कलां व सरस्वती स्कूल भड़फ के विद्यार्थियों ने उपरोक्त विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें रामचन्द्र स्कूल कनीना प्रथम, आरआरसीएम विद्यालय कनीना द्वितीय व सरस्वती भड़फ व सरस्वती शिक्षा निकेतन माजरा कलां सामूहिक रूप से तृतीय रहे। परिणाम घोषित करने के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रुप ऑफ एजुकेशन चेयरमैन रोशनलाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में जज की भूमिका प्राचार्य हरिप्रकाश शर्मा, सुक्रमपाल यादव, रणधीर, चेयरपर्सन मनीषा यादव, निदेशक विपुल रवि रहे। सभी संस्थाओं के गतिविधि इंचार्ज रामचन्द्र से अनीता यादव, आरआरसीएम विद्यालय से शीतल यादव, सरस्वती शिक्षा निकेतन माजरा कलां से रीना, सरस्वती भड़फ से मनोज सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे।

विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया हरियाली तीज उत्सव

महेंद्रगढ़। बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हरियाली तीज का पर्व मनाया गया। विद्यालय परिसर को हरे रंग की सजावट, मेहंदी, झूलों और आकर्षक तीज थीम से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेते हुए तीज के लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, झूला उत्सव, तीज गीत, लोकनृत्य तथा पारंपरिक वेशभूषा जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करते हैं। प्रधानाचार्य रामबीर यादव ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं।

सांस लेने में दिक्कत से 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव खेड़ी में बीती रात्रि अचानक सांस लेने में परेशानी होने से एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव खेड़ी निवासी शेर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शेर सिंह को बीती रात्रि अचानक सांस लेने में परेशानी होने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर गंभीर घायल पीजीआई रेफर

मंडी अटेली। नारनौल-रेवाड़ी नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे सुजापुर के समीप एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस की सहायता से अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए नारनौल रेफर कर दिया।

सूचना

मैं, बिमला देवी पत्नी श्री प्रभुदयाल निवासी शंकर कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ बयान करती हूं कि मेरी पुत्रवधु सुरेशलता पत्नी हरिदर्शन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जिलास्तरीय प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

सैनिकों के नाम बच्चों ने लिखे भावुक खत

हरिभूमि न्यूज ⏩ नारनौल

स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'देश के रक्षकों के नाम सलाम' पत्र लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को शब्दों में पिरोया। विद्यालय शिक्षा निदेशालय, पंचकूला के निर्देश पर हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे जवानों के त्याग, शौर्य और समर्पण को पत्रों के माध्यम से व्यक्त किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में छोटी उम्र से ही राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

इन विद्यार्थियों ने हासिल किए स्थान

कक्षा 5: प्रथम प्रियंशी रा. प्रा. पा. मुंडिया खेड़ा, कनीना; द्वितीय काजल रा. प्रा. पा. शेखपुरा, अटेली; तृतीय मान्शु रा. प्रा. पा. मोहनपुर, नांगल चौधरी।
कक्षा 4: प्रथम अंजली रा. प्रा. पा. सैदपुर, अटेली; द्वितीय टीना रा. प्रा. पा. ब्राह्मणवास खेता, नांगल चौधरी; तृतीय शिक्षा रा. प्रा. पा. रामबास, नारनौल।

नारनौल। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खत लेखन जांचते अध्यापक। फोटो: हरिभूमि

कक्षा 3: प्रथम युग रा. प्रा. पा. गढ़ी रूथल, अटेली; द्वितीय पलक रा. प्रा. पा. बांस कांटी, अटेली; तृतीय अनुराधा रा. प्रा. पा. बारड़ा, महेंद्रगढ़।

प्रविष्टियों की स्क्रूटनी और मूल्यांकन के लिए गठित निर्णायक मंडल में डॉ. नरेश कुमार, डॉ. पंकज कुमार, अनिल कुमार और रोशनी शामिल रहे। निर्णायकों ने पत्रों में सैनिकों के प्रति भावनाओं, लेखन की गुणवत्ता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को देश के वीर जवानों के त्याग और बलिदान से परिचित कराना व उनमें राष्ट्र के प्रति गौरव, जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना मजबूत करना रहा।



विश्वकर्मा धर्मशाला में कल होगी मासिक बैठक

मंडी अटेली। विश्वकर्मा समाज सुधार सेवा समिति अटेली मंडी की ओर से 16 अगस्त को प्रातः 10 बजे विश्वकर्मा धर्मशाला में एक विशेष मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान संतोष कुमार जांगिड़ ने कहा कि समाज के लोग निर्धारित समय पर बैठक में अवश्य पहुंचें और अपना सदस्यता शुल्क भी जमा करवाएं।

खोड़ अंडरपास के पास देसी कट्टे के साथ युवक काबू

नारनौल। ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत सीआईए महेंद्रगढ़ ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी की पहचान बॉबी निवासी अटेली के रूप में हुई है। जब सीआईए टीम बाछौद बाईपास के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि बोबी के पास अवैध देसी कट्टा है और वह नारनौल-रेवाड़ी रोड पर खोड़ गांव के अंडरपास के पास खड़ा है।

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा

आप सभी को नगरपालिका कनीना की तरफ से
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वच्छता के लिए शहरवासियों से अनुरोध
1. गीला व सूखा कूड़ा अलग -2 डस्टबीन में डाले । गीला कचरा हरे डस्टबीन में व सूखा कचरा नीले डस्टबीन में ही डाले ।
2. जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी अपने-2 घरों में जल संचय करे व जल का प्रयोग आवश्यकता अनुसार ही करें।
3. खुले में शौच का प्रयोग ना करे। शौचालय का ही प्रयोग करे ।
4. डोर टु डोर कूड़ा उठाने के लिए शहर में टैम्पों लगाए गए है कूड़ा टैम्पों में डाले या कूड़ेदान में ही डाले। घर के बाहर कूडा ना फेकें ।
5. दुकानदारों से अपील की जाती है कि दुकानों के बाहर अवैध रूप से सामान न रखे व अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने में नगरपालिका का सहयोग करे।
6. अपनी दुकानों व घरों में पोलिथीन का इस्तेमाल ना करे।

रणबीर सिंह
नगरपालिका
आयुक्त

श्रीमति रिम्पी लौढ़ा — प्रधान, नपा कनीना
कपिल कुमार — सचिव, नपा कनीना
दिनेश कुमार — एमई, नपा कनीना
मनोज कुमार — लेखाकार, नपा कनीना
राकेश कुमार — जेई, नपा कनीना

भारत का स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 15 अगस्त को मनाया जाता है। सन् 1947 में इसी दिन भारत के निवासियों ने ब्रिटिश शासन से स्ध्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह भारत का राष्ट्रीय त्यौहार है।

प्रतिवर्ष इस दिन भारत के प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से देश को सम्बोधित करते हैं। 15 अगस्त 1947 के दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने, दिल्ली में लाल किले के लाहौरी गेट के ऊपर, भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया था।ख्1, महात्मा गाँधी के नेतृत्व में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में लोगों ने काफी हद तक अहिंसक प्रतिरोध और सविनय अवज्ञा आंदोलनों में हिस्सा लिया। स्वतंत्रता के बाद ब्रिटिश भारत को धार्मिक आधार पर विभाजित किया गया, जिसमें भारत और पाकिस्तान का उदय हुआ। विभाजन के बाद दोनों देशों में हिंसक दंगे भड़क गए और सांप्रदायिक हिंसा की अनेक घटनाएं हुईं। विभाजन के कारण मनुष्य जाति के इतिहास में इतनी ज्यादा संख्या में लोगों का विस्थापन कभी नहीं हुआ। यह संख्या तकरीबन 1.45 करोड़ थी। भारत की जनगणना 1951 के अनुसार विभाजन के एकदम बाद 72,26,000 मुसलमान भारत छोड़कर पाकिस्तान गये और 72,49,000 हिन्दू और सिख पाकिस्तान छोड़कर भारत आए।

इस दिन को झंडा फहराने के समारोह, परेड और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ पूरे भारत में मनाया जाता है। भारतीय इस दिन अपनी पोशाक, सामान, घरों और वाहनों पर राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित कर इस उत्सव को मनाते हैं और परिवार व दोस्तों के साथ देशभक्ति फिल्में देखते हैं, देशभक्ति के गीत सुनते हैं।

यूरोपीय व्यापारियों ने 17वीं सदी से ही भारतीय उपमहाद्वीप में पैर जमाना आरम्भ कर दिया था। अपनी सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी करते हुए ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने 18वीं सदी के अन्त तक स्थानीय राज्यों को अपने वशीभूत करके अपने आप को स्थापित कर लिया था। 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद भारत सरकार अधिनियम 1858 के अनुसार भारत पर सीधा आधिपत्य ब्रितानी ताज (ब्रिटिश क्राउन) अर्थात ब्रिटेन की राजशाही का हो गया। दशकों बाद नागरिक समाज ने धीरे–धीरे अपना विकास किया और इसके परिणामस्वरूप 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई० एन० सी०) निर्माण हुआ।ख्4,ख्5,रू123 प्रथम विश्वयुद्ध के बाद का समय ब्रितानी सुधारों के काल के रूप में जाना जाता है। के विभाजन के रूप में हुआ।

जय हिन्द

English Medium — Affiliated to HBSE
National Model School M/Garh (Hr) — ESTD 1993 — तमसो मा ज्योतिर्गमय
NATIONAL
MODEL SCHOOL & KIDS BLOSSOM
Kids 1st to 12th (Science, Commerce & Arts) Co-Educational School
RAILWAY ROAD, KARAMCHARI COLONY, MOHINDERGARH (HR.)
नेशनल मॉडल स्कूल एंड किड्स ब्लॉसम
परिवार की ओर से
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबंधक — प्रमोद शास्त्री — मो. 9416330051, 9991130051
प्राचार्य — ओमप्रकाश यादव — मो. 9416711941

महेन्द्रगढ़ शहर में आंखों का एकमात्र एनएबीएच अस्पताल
Savitri EYE Hospital Mahendergarh
सावित्री देवी आँखों का अस्पताल
नजदीक राव तुलाराम चौक, हुड्डा पार्क के सामने, महेन्द्रगढ़
ECHS
CUH

आयुष्मान भारत व ECH कार्ड धारकों के लिए नि:शुल्क आंखों का इलाज व ऑप्रेशन की सुविधा उपलब्ध है।
भूतपूर्व सैनिक व केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए अधिकृत हॉस्पिटल
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नेत्र रोग जांच की विशेष सुविधा
- आंखों के पर्दे की सभी बीमारियों की जांच व ईलाज तथा लेजर सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जांच
- मोतियाबिन्द ऑप्रेशन (फैको विधि से) बिना इन्जेक्शन, बिना दर्द, बिना टांकों तथा पट्टी के।
- काला मोतिया का ऑप्रेशन। पड़बाल, नखूने व नासूर का ऑप्रेशन।

विशेष सुविधा
*T.P.A Facilities
*Star Health
*ICICI *Allaince *East-West

1. YAG LASER
2. RETINA LASER
आंखें आपका ध्यान रखती हैं, आप इनका ध्यान रखिए

नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. यादव
MBBS, M.S. (Optho)
NTRA OCULAR LENS IMPLANT SURGEON
डॉ. राजबीर यादव
D.O.A., OPTHO, P.G.I. Rohtak
Reg No. 428
Ph. : 01285-220709, 9499364955
E-mail : savitridevieye@gmail.com

यादव आर्थो & मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पता : दादरी रोड़, नजदीक राव तुलाराम चौक, महेन्द्रगढ़ (हरि.)
हड्डी और जोड़ प्रत्यारोपण के लिए
यादव ऑर्थो & मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अब
आयुष्मान भारत
व हरियाणा सरकार
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा उपलब्ध है
STAR Health & Allied Insurance — The Health Insurance Specialist
niva Bupa — Health Insurance
SBI general INSURANCE — SURAKSHA AUR BHAROSA DONO
ICICI Lombard — Nibhaye Vaade
के TPA पैनल पर भी उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए हड्डी के फ़्रैक्चर का ऑपरेशन तथा घुटना और कूल्हे के जोड़ को बदलने का ऑपरेशन मुफ़्त में करने की सुविधा है
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. राजीव यादव
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
- सभी प्रकार के फ्रैक्चर का प्लास्टर व ऑपरेशन से ईलाज।
- कमर व घुटने के दर्द का ईलाज।
- घुटने व कूल्हे के जोड़ बदलना।
- ऑर्थोस्कापी

डॉ. सुमेर सिंह यादव
(दांत रोग विशेषज्ञ)
- बिना दर्द किए दांत निकालना
- जबड़ा (बत्तीसी) लगाना
- फिक्स दांत लगाना
- (आरसीटी) दांत की नसों का ईलाज
- मसूड़ों से खून व मुंह से बदबू (पायरिया) का इलाज

सम्पर्क सूत्र : 01285-221200

AIIMS के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अब अपने शहर महेंद्रगढ़ में...!!!
नवजीवन हॉस्पिटल
स्त्री रोग एवं बच्चों का अस्पताल
पता : राव तुलाराम चौक, महेन्द्रगढ़ (हरि.) | 9410562893
नवजीवन हॉस्पिटल की ओर से आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. सोनू कुमार यादव
MBBS, MD (PGIMS)
DM-Neonatologist (AIIMS)
वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

डॉ. मनीषा यादव
MBBS, MS (PGIMS)
Gynaecologist
वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

अब उपलब्ध हैं
डॉ. देवेंद्र कुमार यादव
MD, DM (ENDOCRINOLOGY)
मधुमेह, थायरॉइड, हार्मोन एवं एंडोक्राइन रोगों के विशेषज्ञ
आधुनिक कम्प्यूटराईज्ड लैब
X-Ray Pharmacy

अस्पताल मे उपलब्ध सुविधाएं
- 24×7 नॉर्मल डिलीवरी, ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी एवं पेनलेस डिलीवरी
- दूरबीन द्वारा बच्चेदानी की गाँठ, अण्डेदानी की गाँठ तथा बच्चादानी निकालने का ऑपरेशन
- नसबंदी का ऑपरेशन
- महावारी से संबधित स्त्री रोग के ईलाज
- नि:संतानता का ईलाज
- NICU / PICU की उच्च स्तरीय सुविधा (वेंटिलेटर, CPAP, HFNC, बच्चे के पीलिया का ईलाज)
- बच्चों के सभी प्रकार के टीकाकरण
- Growth, Development & Nutrition सहायक
- मधुमेह (डायबिटीज) का इलाज एवं परामर्श
- थायरॉइड विकार का इलाज एवं परामर्श
- उच्च रक्तचाप विकार का इलाज
- हार्मोन संबंधी सभी समस्याओं को इलाज